मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 573
06.02.2023 को उत्तर के लिए

पालतू हाथियों का डीएनए डेटाबेस

573. श्रीमती रंजनबेन भट्ट :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पालतू हाथियों का डीएनए डेटाबेस तैयार करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में अब तक कोई कदम उठाए हैं; और

(ग) यदि हां, तो उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग) मंत्रालय ने 'भारतीय वन्यजीव संस्थान' के सहयोग से डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए भारतवर्ष में बंदी हाथियों के जैव-वैज्ञानिक नमूने एकत्र करने के लिए 'गजः सूचना' नामक एक एप विकसित किया है। छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तराखंड राज्यों से बंदी हाथियों के नमूने एकत्र करने का कार्य पूरा हो चुका है।

*****